कोपरगांव रेलवे स्टेशन पर सभी रेलगाड़ियों का रोका जाना

2512. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार भविष्य में शिर्डी जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए सभी रेलगाड़ियों को कोपरगांव रेलवे स्टेशन पर रोकने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) :

(क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) सभी गाड़ियों को ठहराने के लिए कोई वाणिज्यिक औचित्य नहीं है । फिलहाल 8 जोड़ी गाड़ियों में से 7 जोड़ी गाड़ियां कोपरगांव में ठहरती हैं और यह व्यवस्था पर्याप्त समझी जाती है।

रेलगाड़ियों की छतों पर यात्रा करने वाले यात्री

2513. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलगाड़ियों की छत पर यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ती जा रही है;

(ख) यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान रेलगाड़ियों की छतों पर यात्रा करते समय मारे गए ऐसे यात्रियों की संख्या कितनी है; और

(घ) रेलगाड़ियों की छतों पर यात्रा करने से रोकने के लिए सरकार कौन-कौन से कदम उठाने का विचार रखती है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) :

(क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) सात व्यक्ति ।

(घ) गाड़ियों की छतों पर यात्रा करने को रोकने तथा इसे हतोत्साहित करने के लिए किए गए उपायों में स्टेशन परिसरों में नोटिस तथा पोस्टरों का प्रदर्शन करना, छत पर यात्रा करने के खतरे को उजागर करते हुए महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर जन उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से घोषणाएं करना चल टिकट परीक्षकों द्वारा जांच करना, छापों/जांच के दौरान पकड़े गए दोषी व्यक्तियों पर रे० सु० ब०/रा० रे० पु० द्वारा मुकदमा चलाया जाना शामिल है, त्यौहारों आदि के दौरान अतिरिक्त मांग होने पर अतिरिक्त सवारी डिब्बों की व्यवस्था करके या अतिरिक्त गाड़ियां चलाकर भी जहां तक संभव होता है क्षमता बढ़ाई जाती है ।

पश्चिमी रेलवे की स्थानीय रेलगाड़ियों में चेतावनियों इत्यादि का मराठी भाषा में लिखा जाना ।

2514. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सत्य है कि मुम्बई में पश्चिम रेलवे की स्थानीय रेलगाड़ियों में चेतावनियों इत्यादि मराठी भाषा में न लिखी होकर केवल अंग्रेजी, हिन्दी और गुजराती भाषाओं में लिखी होती हैं;

(ख) यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं; और

(ग) पश्चिम रेलवे की स्थानीय रेल-गाड़ियों में चेतावनियां इत्यादि के मराठी भाषा में भी कब तक लिख दिए जाने की सम्भावना है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) : बम्बई में पश्चिम रेलवे की स्थानीय गाड़ियों में नोटिस, चेतावनी आदि अंग्रेजी हिन्दी तथा मराठी में लिखे होते हैं। बहरहाल, खतरे की जंजीर खींचने के बारे में कुछ पुराने नोटिस, जिन्हें मूलतः पुराने सवारी डिब्बों में लगाया गया था, अंग्रेजी, हिन्दी और गुजराती भाषा में हैं।

(ग) इस काम को पहले ही शुरू किया जा चुका है और यह 30-6-1993 तक पूरा हो जाएगा।

गंज बासोदा रेलवे स्टेशन पर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का रोका जाना

2515. **श्री राम नरेश यादव** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य रेलवे में गंज बासोदा रेलवे स्टेशन पर "छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस" को रोकने की व्यवस्था कराये जाने की संभावना है;

(ख) यदि हां, तो जनता की सुविधा के लिए ऐसी व्यवस्था कब तक कर दी जाएगी; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) यातायात के औचित्य की कमी के कारण।

गंज बासोदा रेलवे स्टेशन पर पंजाब मेल के रोके जाने को रद्द किया जाना

2516. **श्री राम नरेश यादव** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) यह सच है कि फिरोजपुर-बम्बई वाया टी० (संख्या 4038) के बीच चल रही "पंजाब मेल" के मध्य रेलवे में गंज बासोदा रेलवे स्टेशन पर, जो कि विभिन्न पर्यटक/ऐतिहासिक स्थलों से जुड़ा हुआ रेलवे स्टेशन है, रोके जाने को रद्द कर दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो बासोदा रेलवे स्टेशन पर उक्त रेलगाड़ी के रोके जाने को रद्द करने के कारण क्या हैं;

(ग) क्या इस गाड़ी के रोके जाने को रद्द किए जाने के विरोध में कोई आंदोलन शुरू किए गए थे; यदि हां, तो इस संबंध में सरकार ने क्या निर्णय लिया है; और

(घ) इस गाड़ी को रोके जाने को पुनः कब तक चालू किए जाने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (घ)

1037/1038 पंजाब मेल का ठहराव जिसे 1-7-92 से समाप्त कर दिया गया था, उसे 19/20-7-92 से पुनः बहाल कर दिया गया है।